भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

17.03.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2040 का उत्तर

दक्षिण रेलवे में आईसीएफ रैकों का एलएचबी रैकों में बदला जाना

2040. श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्लाः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दक्षिण रेलवे की सभी इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) रेकों को लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) रेकों में बदलने की संभावित तिथि क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्यास हैऔर

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): बेहतर संरक्षा और बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए , भारतीय रेल ने वर्ष 2018 से आईसीएफ सवारी डिब्बों का उत्पादन बंद कर दिया है और केवल लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) सवारी डिब्बों का विनिर्माण किया जा रहा है। आईसीएफ सवारी डिब्बों वाली गाड़ियों को एलएचबी सवारी डिब्बों में बदलने का का र्य परिचालनिक व्यवहार्यता, चल स्टॉक की उपलब्धता आदि के अध्यधीन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। वर्तमान में, दक्षिण रेलवे के 201 रेक हैं , जिनका उपयोग मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के परिचालन के लिए किया जा रहा है , जिनमें से 100 रेक एलएचबी हैं।

*****